**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**FINAL EXAMINATION (2022-23)**
**SUBJECT-HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**

**CLASS: IX** **MAX.MARKS: 80**
**DATE: 02/03/2023** **TIME: 3 HOURS**

**सामान्य निर्देश :**

* इस प्रश्न-पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'अ' और 'ब' ।
* खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न हैं ।
* खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
* इस प्रश्न-पत्र में 19 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
* दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
* प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

## खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5)**

मानव जीवन में आत्मसम्मान का अत्यधिक महत्त्व है । आत्मसम्मान में अपने व्यक्तित्व को अधिकाधिक सशक्त एवं प्रतिष्ठित बनाने की भावना निहित होती है । इससे शक्ति, साहस, उत्साह आदि गुणों का जन्म होता है जो जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं । आत्मसम्मान की भावना से पूर्ण व्यक्ति संघर्षों की परवाह नहीं करता है और हर विषम परिस्थिति से टक्कर लेता है। ऐसे व्यक्ति जीवन में पराजय का मुँह नहीं देखते तथा निरंतर यश की प्राप्ति करते हैं। आत्मसम्मानी व्यक्ति सत्य, न्याय, नीति के पथ का अनुगमन करता है और उसके जीवन में सच्चे सुख और शांति का निवास होता है। परोपकार और जनसेवा जैसे कार्यों में उसकी रुचि होती है। लोकप्रियता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसे सहज ही प्राप्त होती है। ऐसे व्यक्ति में अपने राष्ट्र के प्रति सच्ची निष्ठा होती है तथा मातृभूमि की उन्नति के लिए वह प्राणों का उत्सर्ग करने में सुख की अनुभूति करता है। चूँकि आत्मसम्मानी व्यक्ति अपनी अथवा दूसरों की आत्मा का हनन नहीं करता है इसलिए वह ईर्ष्या-द्वेष जैसी भावनाओं से मुक्त होकर मानव मात्र को अपने परिवार का अंग मानता है। उसके हृदय में स्वार्थ, लोभ और अहंकार का भाव नहीं होता। निश्छल हृदय होने के कारण वह आसुरी प्रवृत्तियों से सर्वथा मुक्त होता है।

**प्रश्न**

**(i) आत्मविश्वासी व्यक्ति में कौन-सी भावना स्थित होती है ?**
(क) समर्थ और शक्तिशाली बनना
(ख) केवल सुख प्राप्त करना
(ग) केवल शक्ति से परिपूर्ण करना
(घ) समर्थ और प्रतिष्ठित बनना

**(ii) जीवन में उन्नति का मार्ग मजबूत करते हैं -**
(क) स्वार्थ, साहस और मोह
(ख) उत्साह, शक्ति और साहस
(ग) शक्ति, साहस और कुटिलता
(घ) विजय, न्याय और सत्य

**(iii) आत्मसम्मानी व्यक्ति मातृभूमि के लिए क्या करता है ?**
(क)धन देता है।
(ख) अपना सुख त्याग देता है।
(ग) अपने जीवन का बलिदान देता है।
(घ) सबको समान समझता है।

**(iv) आत्मसम्मानी व्यक्ति जीवन में अनुगमन करता है -**
(क) नीति, न्याय और सत्य के रास्ते का
(ख) लोभ, स्वार्थ और अहंकार के पथ का
(ग) सच्चे सुख, न्याय और सत्य के पथ का
(घ) साहस, प्रतिष्ठा और शांति के रास्ते का

**(v) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –**

**कथन (A)– आत्मसम्मानी व्यक्ति अपनी अथवा दूसरों की आत्मा का हनन नहीं करता है।**

**कारण (R)– वह ईर्ष्या-द्वेष जैसी भावनाओं से मुक्त नहीं होता है।**

**(क) कथन (A) गलत है और कारण (R)सही है।**
**(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।**
**(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।**
**(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।**

**प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5)**

**पानी मानव की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, यह जीवन का आधार है और विकास के लिए आवश्यक है। उम्मीदों पर पानी फिर जाए तो कुछ हद तक मनुष्य सहन कर सकता है परंतु पीने के लिए एक गिलास पानी के लाले पड़े हों, तो स्थिति असह्य हो जाती है। दुर्भाग्य से हमारे देश के कुछ राज्यों में ऐसी स्थिति आज भी देखने को मिल जाती है। राजस्थान राज्य के बाड़मेर और जैसलमेर जिलों के दूरस्थ गाँवों में यह कहावत सुनाई देती है कि एक गिलास दूध मिल सकता है, पानी नहीं। यद्यपि यह स्थिति सर्वत्र इतनी गंभीर नहीं है परंतु यह एक कटु सत्य है कि सिंचाई और पीने-योग्य पानी की समस्या आज की मुख्य समस्याओं में से एक है। अतः बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस समस्या पर विचार करना समीचीन जान पड़ता है। राजस्थान राज्य में पानी के मुख्य स्रोत हैं –कुएँ, नहरें, झीलें, नदियाँ और तालाब। ये सभी एक ही आधार से जुड़ें हैं ,वह है वर्षा। अरावली के पश्चिम में स्थित राजस्थान के आधे से अधिक भाग में वार्षिक वर्षा पचास प्रतिशत से भी कम होती है जो अपर्याप्त है। जल स्रोतों की भी अपनी सीमा है। अधिक जनसंख्या की बढ़ती माँग एवं वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति दोनों के लिए जल-नियोजन आवश्यक हो जाता है। हमारे लिए आवश्यक है कि हम पानी का बुद्धिमतापूर्ण प्रयोग करके जल-संरक्षण करें।**

**प्रश्न**

**(i) मानव के लिए क्या असहनीय है ?**

**(क) उम्मीदों पर पानी फिरना** **(ग) पानी की कमी**
**(ख) बुरी स्थिति** **(घ) विकास की स्थिति**

**(ii) राजस्थान जिलों के दूरस्थ गाँवों की कड़वी सच्चाई क्या है ?**

**(क) खेती और पीने-योग्य पानी की अधिकता**
**(ख) पीने के पानी और सिंचाई की समस्या**
**(ग) कुएँ, नहरें और नदियों का न होना**
**(घ) मनुष्य के प्यासा रहने की सहनशक्ति**

**(iii) राजस्थान राज्य में पानी के स्रोतों का प्रमुख आधार क्या है ?**

**(क) झीलें** **(ग) नहरें**
**(ख) वर्षा** **(घ) कुएँ**

**(iv) पानी मानव की मूलभूत आवश्यकता क्यों है ?**

**(क) यह जीवन का आधार और विकास के लिए अनावश्यक होने के कारण**
**(ख) यह जीवन का आधार और विकास के लिए एक समस्या होने के कारण**
**(ग) हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के कारण**
**(घ) यह जीवन का आधार और विकास के लिए आवश्यक होने के कारण**

**(v) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –**

**(i) जल स्रोतों की भी अपनी सीमा है।**
**(ii) जल वियोजन आवश्यक हो जाता है।**
**(iii) हम पानी का बुद्धिमतापूर्ण प्रयोग करके वृक्ष-संरक्षण करें।**
**(iv) पानी जीवन का आधार है।**

**गद्यांश से संबंधित वाक्यों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –**

| | |
|---|---|
| (क) (i), (iii) | (ग) (ii), (iii) |
| (ख) (i), (ii) | (घ) (i), (iv) |

**प्रश्न-3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए –** **(1x2)**

**(i) प्रत्येक स्वतंत्र और सार्थक वर्ण-समूह क्या कहलाता है ?**

| | |
|---|---|
| (क) इकाई | (ग) पद |
| (ख) वाक्य | (घ) शब्द |

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर 'शब्द और पद' से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए –**

**(i) शब्द भाषा की स्वतंत्र इकाई नहीं हैं।**
**(ii) पद का अस्तित्व वाक्य में ही संभव है।**
**(iii) वाक्य में प्रयुक्त शब्द ही पद कहलाते हैं ।**
**(iv) पद व्याकरण के नियमों से बंधे हुए नहीं होते हैं ।**

**विकल्प**

| | |
|---|---|
| (क) i, ii | (ग) ii, iii |
| (ख) i, iii | (घ) i, iv |

**प्रश्न-4. पूछे गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए–** **(1x2)**

**(i) निम्नलिखित में से 'अनुस्वार' प्रयुक्त शब्द कौन-सा होगा ?**

| | |
|---|---|
| (क) खड़ा | (ग) काठमांडू |
| (ख) माँ | (घ) चन्द |

**(ii) 'सञ्चालक' शब्द का सही अनुस्वार वाला शब्द कौन-सा होगा ?**

| | |
|---|---|
| (क) सचांलक | (ग) संञ्चालक |
| (ख) संचालक | (घ) सञ्चालंक |

**(iii) निम्नलिखित में से 'अनुनासिक ' प्रयुक्त शब्द युग्म कौन-सा होगा ?**

| | |
|---|---|
| (क) काँव-कांव | (ग) यहां-वहां |
| (ख) जहाँ-तहाँ | (घ) किन्तु-परंतु |

**प्रश्न-5. निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -** **(1x4)**

**(i) 'भारतीय' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?**

| | |
|---|---|
| (क) तीय | (ग) भारत |
| (ख) भार | (घ) ईय |

**(ii) 'मान' मूलशब्द में सही उपसर्ग और प्रत्यय वाला जोड़ा कौन-सा होगा ?**

| | |
|---|---|
| (क) बे , ई | (ग) बे , इ |
| (ख) ब , ई | (घ) बै , ई |

**(iii) 'उपकारी' शब्द में मूलशब्द क्या होगा ?**

| | |
|---|---|
| (क) कारी | (ग) उप |
| (ख) कार | (घ) कर |

**(iv) किस शब्द में 'आवा' प्रत्यय नहीं लगा है ?**

**(क) दिखावा** **(ग) भुलावा**

**(ख) बुलावा** **(घ) मावा**

**(v) निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए और उन्हें चुनिए, जिनमें उपसर्ग-प्रत्यय का उपयोग किया गया है –**

**(i) निश्चय , निधि , भारतीय , अंकित**

**(ii) सघन , विचित्र , औपचारिक , कठिनतम**

**(iii) बेचनेवाली , डर , दुर्गम , विदाई**

**(iv) पर्वतीय , मार्मिक प्रगति , पर्यावरण**

**उपसर्ग –प्रत्यय से संबंधित उचित विकल्प का चयन कीजिए –**

**(क) (i), (iii)** **(ग) (ii), (iii)**

**(ख) (i), (iv)** **(घ) (ii), (iv)**

**प्रश्न-6. पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x3)**

**(i) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वृद्धि संधि का उदाहरण नहीं होगा ?**

**(क) सदैव** **(ग) गुरूपदेश**

**(ख) जलौध** **(घ) तथैव**

**(ii) 'अत्याचार' के लिए संधि-विच्छेद वाला सही विकल्प क्या होगा ?**

**(क) अति + अचार** **(ग) अती + आचार**

**(ख) अत्य + आचार** **(घ) अति + आचार**

**(iii) 'दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को----- कहते हैं।'रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प होगा?**

**(क) समास** **(ग)उपसर्ग**

**(ख) संधि** **(घ) प्रत्यय**

**(iv) दीर्घ संधि वाला उचित विकल्प कौन-सा होगा ?**

**(क) सर्व + अधिक , सु + आगत , ज़िला+अधिकारी**

**(ख) अति + उत्तम , वि +ऊह , सु + अच्छ**

**(ग) नदीश , राकेश , हिमालय**

**(घ) गोलाकार , पर्वतारोही , मुख्यालय**

**प्रश्न-7. पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x3)**

**(i) यह क्या हो गया था वाक्य में किस विराम-चिह्न का प्रयोग होगा ?**

**(क) ?** **(ग) ।**

**(ख) -** **(घ) ,**

**(ii) तुम्हें यहाँ अच्छा लग रह है न ! मैं जानता हूँ। वाक्य में किन विराम-चिह्नों का प्रयोग हुआ है ?**

**(क) विस्मयाबोधक और पूर्णविराम** **(ग) पूर्णविराम और अल्पविराम**

**(ख) अल्पविराम और अर्धविराम** **(घ) विस्मयाबोधक और अर्धविराम**

**(iii) निम्नलिखित विकल्पों में से योजक चिह्न वाला वाक्य कौन-सा है ?**

**(क) रोगी चिकित्सक से –- मैं बीमार हूँ।**

**(ख) आतंकवाद : विश्व की एक समस्या।**

**(ग) पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए।**

**(घ) मेरे पास कलम , पुस्तक और स्याही है।**

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर उचित विराम-चिह्नों वाला विकल्प कौन-सा होगा ?
(क) मनुष्यों की पोशाकें उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बाँट देती हैं।
(ख) ये नेता यंग इंडिया नाम का एक अंग्रेजी साप्ताहिक भी निकलते थे।
(ग) तब मेरे हाथ में वाकी-टाकी दिया गया
(घ) 'इंडियन एसोसिएशन फार द कल्टीवेशन आफ़ साइंस' की प्रयोगशाला थी।

विकल्प

| | |
|---|---|
| 1 क और ख | 3 ख और ग |
| 2 ख और ग | 4 क और घ |

प्रश्न-8. पूछे गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x2)

(i) 'दस बज गए , अब तुम जाओ ।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?

| | |
|---|---|
| (क) विस्मयादिबोधक | (ग) निषेधवाचक |
| (ख) आज्ञावाचक | (घ) विधानवाचक |

(ii) 'संकेतवाचक' के लिए सही विकल्प क्या होगा ?
(क) यदि ठंड पड़ेगी , तो मैं कोट पहनूँगा।
(ख) कृपया शांत रहें।
(ग) अरे ! इतना लंबा साँप।
(घ) क्या आपको मेरी पुस्तक मिली है ?

(iii) 'बगीचे से फूल मत तोड़ो।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?

| | |
|---|---|
| (क) प्रश्नवाचक | (ग) निषेधवाचक |
| (ख) इच्छावाचक | (घ) विधानवाचक |

प्रश्न 9. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए- (1x5)

यहीं इस गली में बनती हैं
मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ
इन्हीं गंदे मोहल्लों के गंदे लोग
बनाते हैं केवड़ा गुलाब और रातरानी
अगरबत्तियाँ
दुनिया की सारी गंदगी के बीच
दुनिया की सारी खुशबू
रचते रहते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ
खुशबू रचते हैं हाथ।

(i) मुल्क की मशहूर अगरबत्ती कौन बनाते हैं ?

| | |
|---|---|
| (क) गंदे मोहल्लों में रहने वाले लोग | (ग) गरीब लोग |
| (ख) साफ़-सुथरे लोग | (घ) अमीर लोग |

(ii) अगरबत्तियाँ बनाते समय किन सुगंधित उपादानों का प्रयोग किया जाता है ?

| | |
|---|---|
| (क) गुलाब | (ग) केवड़ा |
| (ख) खस व रातरानी | (घ) सभी विकल्प सही हैं। |

**(iii) इस कविता में किस विडंबना का वर्णन है ?**
**(क) स्वयं गंदगी में रहकर दूसरों के जीवन में खुशियाँ न फैलाना।**
**(ख) स्वयं गंदगी में रहकर दूसरों के जीवन में खुशियाँ फैलाना ।**
**(ग) इसी का नाम जीवन है।**
**(घ) वे गरीबी का वर्णन कर रहे हैं।**

**(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –**
**(i) देश की प्रसिद्ध अगरबत्तियाँ तंग, बदबूदार, गंदी गलियों में बनती हैं ।**
**(ii सुगंध वाली अगरबत्तियाँ स्वच्छ वातावरण में रहने वाले लोग बनाते हैं।**
**(iii) हमारे जीवन को सुगंधपूर्ण बनाने के लिए गंदे लोग विषम परिस्थितियों वाला जीवन जीते हैं।**
**(iv) यह पद्यांश अरुण कमल द्वारा लिखा गया है।**

**पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-**
**(क) (i), (ii) और (iv)**
**(ख) (ii), (iii) और (iv)**
**(ग) (i), (ii) और (iii)**
**(घ) (i), (iii) और (iv)**

**(v) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में कवि का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**
**(क) स्वस्थ समाज का निर्माण** **(ग) प्रकृति का चित्रण**
**(ख) गंदे वातावरण का चित्रण** **(घ) गरीबों पर व्यंग्य**

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –**

**(i) 'अग्निपथ ' कविता में कवि किस की माँग न करने के बारे में कहता है ? (1)**
**(क) सुख रूपी पत्तों की छाया** **(ग) बूढ़ों का आशीर्वाद**
**(ख) घने पत्तों की छाया** **(घ) दुखों से लड़ने की छाया ।**

**(ii) 'रैदास' कवि ने पहले पद में अपना संबंध किस प्रकार का बताया है ? (1)**
**(क) पानी व चंदन-सा** **(ग) स्वामी व दास-सा**
**(ख) पिता व पुत्र-सा** **(घ) वर्षा व बादल-सा ।**

**प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए- (1x5)**

**पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा - उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। खरबूजों की डलिया बाजार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती। लड़का परसों सुबह मुँह-अँधेरे बेलों में से पके खरबूजे चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डंस लिया।**

**(i) गद्यांश में किसके लड़के की बात हो रही है ?**
**(क) लेखक के** **(ग) संभ्रांत महिला के**
**(ख) दुकानदार के गरीब** **(घ) बुढ़िया के**

**(ii) 'कछियारी' शब्द का क्या तात्पर्य है ?**
**(क) खेतों में अनाज उगाना** **(ग) खेतों में हल चलाना**
**(ख) खेतों में फूल उगाना** **(घ) खेतों में तरकारियाँ उगाना**

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा (R) कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था।
कारण(R) तैंतीस बरस के जवान लड़के को गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप ने डस लिया।
(क) कथन (A) तथा कारण(R)दोनों ही गलत हैं।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण(R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों सही है तथा कारण(R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) बुढ़िया के परिवार में कितने सदस्य थे ?
(क) छह
(ख) पाँच
(ग) सात
(घ) चार

(v) 'दुःख का अधिकार' पाठ किसके द्वारा लिखा गया है ?
(क) यशपाल
(ख) बचेंद्री पाल
(ग) शरद जोशी
(घ) हरिशंकर परसाई

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –
(i) लेखक की पत्नी की आँखें एकाएक बड़ी-बड़ी क्यों हो गईं ? (1)
(क) लेखक से भयभीत होने के कारण।
(ख) अतिथि के अधिक दिनों तक ठहरने के कारण।
(ग) अतिथि से डरने के कारण ।
(घ) अतिथि के घर जाना सुनने के कारण ।

(ii) महादेव भाई के कार्य करने की क्या विशेषता थी ? (1)
(क) वे चार घंटे का काम एक घंटे में कर देते थे।
(ख) वे एक दिन में दस घंटे काम करते थे।
(ग) वे केवल पढ़ते थे।
(घ) वे बिना सोए रहते थे।

खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 13. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3+3)
(क) रहीम द्वारा लिखित नीतिपरक दोहों की क्या विशेषता है ?
(ख) 'गीत-अगीत' कविता में प्रथम छंद में वर्णित प्रकृति चित्रण को लिखिए ।
(ग) 'नए इलाके में' कविता में 'समय की कमी' की ओर क्यों इशारा किया गया है ?

प्रश्न 14. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3+3)
(क) हिमपात किस तरह होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं ?
(ख) सर चंद्रशेखर वेंकट रामन् के जीवन से प्राप्त होने वाले संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।
(ग) अतिथि के अपेक्षा से अधिक रुक जाने पर लेखक की क्या-क्या प्रतिक्रियाएँ हुई ?

प्रश्न 15. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3+3)
(क) लेखिका को जीव-जंतुओं की संवेदनाओं की सूक्ष्म समझ थी। इसे स्पष्ट करते हुए बताइए कि आपको इनसे किन-किन मूल्यों को अपनाने की सीख मिलती है?
(ख) 'लेखक चिट्ठियों के बारे में घर जाकर झूठ भी बोल सकता था, पर उसने ऐसा नहीं किया' इसके आलोक में लेखक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताइए कि आप लेखक के चरित्र से किन-किन विशेषताओं को अपनाना चाहेंगे ?
(ग) 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' लेख में लेखक अपनी यात्रा के दौरान किन-किन खतरों से अवगत हुआ ? ऐसी परिस्थितियों को रोकने के लिए कुछ सुझाव दीजिए।

**प्रश्न 16. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (6)**

**(क) वृक्षारोपण : एक आवश्यकता**

- **वृक्ष और मानव का नाता**
- **मानव द्वारा अपने स्वार्थ हेतु बिना सोचे-विचारे वृक्षों का कटाव से होने वाली हानियाँ**
- **प्रकृति का अनुपम वरदान**
- **हमारा कर्त्तव्य**

**(ख) सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा**

- **सड़क सुरक्षा से जुड़े कुछ प्रमुख नियम**
- **सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी से होने वाली हानियाँ**
- **इन्हें अपनाने से लाभ**
- **निष्कर्ष।**

**(ग) मधुर वचन**

- **जीवन में महत्त्व**
- **मीठी बोली के सकारात्मक प्रभाव**
- **कटु वाणी के नकारात्मक प्रभाव**
- **मीठी बोली में समाई अपनत्व की भावना।**

**प्रश्न17. आपका खोया हुआ सामान लौटाने पर किसी अपरिचित को धन्यवाद देते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। (6)**

**<u>अथवा</u>**

**संयुक्त परिवार की महत्ता बताते हुए अपने छोटे भाई को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 18.पानी की बर्बादी रोकने के विषय में मालिक और नौकर के बीच हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5)**

**<u>अथवा</u>**

**दुकानदार द्वारा गलत तौल पर ग्राहक और दुकानदार के मध्य हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 19. निम्नलिखित चित्र को देखकर आपके मन में जो विचार उठे, उन्हें लगभग 100 शब्दों में क्रमबद्ध लिखिए। (5)**

